कार्यालय विश्वविद्यालय अभियंता, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

No. : U.E. / Actt. / 2019-20 / Dated:

ई–निविदा सूचना संख्या– 12 / (2019-20)

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के निविदा हेतु उपयुक्त श्रेणी (Eligible) के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निविदा से सम्बन्धित विवरण निर्धारित प्रपत्र में निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.uniraj.ac.in एवम् http://sppp.raj. nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा में **कुल कार्यो की संख्या–05** है जिनकी **कुल अनुमानित लागत 54.99 लाख** है।

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा सम्बन्धित कार्यालय
1	जयपुर	Extension of Geography Department at University Campus, UoR, Jaipur. (Sanitary Work)	Rs. 10.22 Lacs	Rs. 20,440/-	Rs. 500/-	08 Months	विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर
2	जयपुर	Extension of Geography Department at University Campus, UoR, Jaipur. (Electric Work)	Rs. 8.15 Lacs	Rs. 16,300/-	Rs. 500/-	08	विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर
3	जयपुर	Construction of Class Room at First Floor of Computer S.C. & I.T. at University of Rajasthan, Jaipur. (Sanitary Work)	Rs. 5.69 Lacs	Rs. 11,380/-	Rs. 500/-	06 Months	विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर
4	जयपुर	Construction of Class Room at First Floor of Computer S.C. & I.T. at University of Rajasthan, Jaipur. (Electric Work)	Rs. 7.89 Lacs	Rs. 15,780/-	Rs. 500/-	06 Months	विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर
5	जयपुर	Construction of Class Room for Geography & Statistics Department Behind I.T. Building (Ground Floor & First Floor) in University Maharaja College, Jaipur. (Civil Work)	Rs. 23.04 Lacs	Rs. 46,080/-	Rs. 500/-	06 Months	विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर

निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले इच्छुक संवेदक निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट मे वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराऐं।

निविदा हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणी :

A. सिविल कार्यो के लिए :

किसी भी सीमा तक	एए श्रेणी, संवेदक
~~रूपये 300.00 लाख तक~~	~~ए श्रेणी, संवेदक~~
रूपये 150.00 लाख तक	बी श्रेणी संवेदक

रूपये 50.00 लाख तक	:	सी श्रेणी संवेदक
रूपये 15.00 लाख तक	:	डी श्रेणी संवेदक

B. विद्युत कार्यो के लिए :

किसी भी सीमा तक	:	ई.डबल्यू.एस.डी.–I
रूपये 25.00 लाख तक	:	ई.डबल्यू.एस.डी.–II
रूपये 10.00 लाख तक	:	ई.डबल्यू.एस.डी.–III
रूपये 5.00 लाख तक	:	ई.डबल्यू.एस.डी.–IV

C. सेनेटरी कार्यो के लिए :

किसी भी सीमा तक	:	एस–I
रूपये 10.00 लाख तक	:	एस–II
रूपये 5.00 लाख तक	:	एस–III
रूपये 2.00 लाख तक	:	एस–IV

D. फर्नीचर और बढई कार्यो के लिए :

किसी भी सीमा तक	:	एफ–I
रूपये 10.00 लाख तक	:	एफ–II
रूपये 5.00 लाख तक	:	एफ–III
रूपये 2.00 लाख तक	:	एफ–IV

नोटः राजस्थान सरकार के PWF&R नियम के अनुसार संवेदकों की उपयुक्त श्रेणी होगी।

1. **(अ).** धरोहर राशि निविदा प्रपत्रों में दर्शाई गई कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत होगी एवं विश्वविद्यालय कार्यालय में पंजीकृत संवेदकों हेतु धरोहर राशि आधा प्रतिशत होगी जो कि विश्वविद्यालय अभियंता, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के नाम देय होगी।

   (ब). **वस्तु एवं सेवाकर (GST) दिनांक 01.07.2017 से प्रभावी होने के कारण निविदादाताओं (Bidder) का नियमानुसार GST में पंजीयन होना अनिवार्य है जिसकी प्रति निविदा प्रपत्रों के साथ E-Proc पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।**

2. निविदा प्रपत्रों हेतु **आवेदन/डाउनलोड/अपलोड की अवधि गुरूवार 25 जुलाई 2019, प्रातः 9:30 बजे से मंगलवार 06 अगस्त 2019 सायं 6:00 बजे तक** होगी।

3. (अ) निविदा प्रपत्रों को इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर **गुरूवार 25 जुलाई 2019, प्रातः 9:30 बजे से मंगलवार 06 अगस्त 2019 सायं 6:00 बजे तक** जमा कराये जा सकते हैं एवं प्राप्त निविदाऐ इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में **गुरूवार 08 अगस्त 2019, 12:00 बजे** खोली जायेगी। **यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले कार्यदिवस पर उसी समय व उसी स्थान पर निविदाये खोली जायेगी।**

   (ब) निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी।

   (स) निविदा खोलन की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी निविदाएं नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदाऐ खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

   (द) भवन कार्यो की निविदाऐं **जिनकी लागत राशि रू. 100.00 लाख से कम** थी, निविदाओं की **वित्तीय बिड निर्धारित तिथि** को खोली जायेगी। **राशि रू. 100.00 लाख से ऊपर** की निविदाओं के लिए **पोटेन्शियल बिड पद्धति** अपनाई जायेगी एवं **राशि रू. 200.00 लाख से अधिक** की

निविदाओं के लिए **पोस्ट क्वालीफिकेशन पद्धति** अपनाई जायेगी। उसके अनुसार तकनीकी आकलन में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड को खोलने की सूचना निविदादाताओं को E-mail से दी जायेगी।

4. कार्य करने हेतु कार्यस्थल उपलब्ध है। कार्यस्थल का निरीक्षण निविदा डालने से पूर्व अद्योहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क किया जा सकता है।

5. कार्य के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा **गुरूवार 25 जुलाई 2019, प्रातः 10:30 बजे से मंगलवार 06 अगस्त 2019 सायं 4:30 बजे तक** किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्रों को देखा जा सकता है अथवा http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता विभिन्न कार्यो की मात्रा एवं दरों का विवरण नियम, शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है।

6. **निविदादाताओं द्वारा निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क अलग–अलग डिमाण्ड ड्रॉफ्ट अथवा बैंकर्स चैक अथवा निविदा प्रपत्रों में वर्णित किसी एक प्रकार के रूप में देय होगा। निविदा शुल्क एवम् धरोहर राशि विश्वविद्यालय अभियंता, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के पक्ष में** भुगतान योग्य होनी चाहिए तथा **आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क एम. डी., आरआई.एस.एल. के पक्ष में जो कि जयपुर में भुगतान योग्य हो,** होनी चाहिए processing Fee must be in the **favor of M.D., R.I.S.L. payable at Jaipur)** तथा सभी उपरोक्त शुल्क **विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर** में **गुरूवार 25 जुलाई 2019, प्रातः 11:00 बजे से बुधवार 07 अगस्त 2019 सायं 4:00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है।**

7. **निविदादाता द्वारा फर्म का पंजीकरण, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क व धरोहर राशि के** अलग–अलग डिमाण्ड ड्रॉफ्ट एवं **GST के पंजीयन की प्रति की स्केन कापी ऑनलाइन निविदा भरते समय अपलोड किया जाना आवश्यक है जिसके अभाव में प्रस्तुत निविदा अमान्य होगी।**

8. निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (open) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपना निविदा वापस ले लेता है, तो उसकी धरोहर राशि नियमानुसार जब्त कर ली जावेगी।

9. यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि) राजस्थान विश्वविद्यालय में किसी अधिकारी या कर्मचारी या सम्बन्धित कार्यालय में कनिष्ठ अभियंता से लेकर विश्वविद्यालय अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसे कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

10. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी अभियंता अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवानिवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रुप में कार्य नही कर सकेगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहां सेवाऐ लेने से पहले नही ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

11. निविदादाता इन प्रपत्रों को डाउनलोड कर सकते है। निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैकर चैक के रुप में संबंधित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराना आवश्यक है।

12. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। आरपीडब्लूए–100 की समस्त शर्ते मान्य होगी।

13. संवेदक द्वारा उक्त कार्यो के लिए निर्धारित मशानरी जो निविदा की स्पेशल कंडीशन में वर्णित है, को स्वयं के पास होने या किराया पर लेने का प्रमाण पत्र देना होगा।

14. **निविदा शुल्क निम्न अनुसार निर्धारित है:**

कार्य की अनुमानित राशि (लाखों में)	निविदा शुल्क (रूपयों में)	
50.00 लाख से कम राशि	:	500.00 रूपये
50.00 लाख से 150.00 लाख तक	:	1000.00 रूपये
150.00 लाख से 400.00 लाख तक	:	2000.00 रूपये
400.00 लाख से अधिक तक	:	5000.00 रूपये

15. वित विभाग के आदेश संख्या एफ1(1)/एफ.डी/जी.एफ. एण्ड ए.आर/2007 दिनांक 30-9-2011 (सर्कूलर नं. 19/2011) के अनुसार **50.00 लाख रुपये तक की राशि** के कार्यो के **लिए 500/- रुपये, 50.00 लाख से 150.00 लाख तक** के कार्यो के लिए **1000/- रुपये, 150.00 लाख से 400.00 लाख तक** के कार्यो के लिए **2000/- रुपये** तथा **400.00 लाख से अधिक तक** के कार्यो के लिए 5000/- रुपये निविदा शुल्क के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में देनी होगी। इस शुल्क हेतु डिमाण्ड ड्रॉफ्ट या बैंकर चैक एम. डी., आर.आई.एस.एल. के पक्ष में जो कि जयपुर में भुगतान योग्य हो, होना चाहिए **processing Fee must be in the favor of M.D., R.I.S.L. payable at Jaipur)**

16. कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है।

17. कार्य का दोष निवारण एवं उसके सुधार (डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात् सिविल एवं स्पेशियल रिपेयर के कार्यो हेतु 3 वर्ष एवं विद्युत व सेनटरी के कार्यो हेतु 2 वर्ष मुख्य अभियन्ता कम अतिरिक्त सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांक: CE/Bldg/DLP(Bldg Works/D-980 दिनांक: 12.10.2012 के अनुसार होगी।

18. **ई–टेन्डरिंग के लिए निविदादाता हेतु निर्देश :**

(अ). इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता प्रपत्रों को इण्टरनेट साइट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

(ब) निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट–2000 के तहत प्राप्त करना होगा तो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी.सी.ए. (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

(स) निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत कराना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साइनके साथ नहीं होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोई भी प्रस्ताव भौतिक फॉर्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

(द) ऑनलाइन निविदायें निर्धारित दिनांक एवम् समय के अनुसार खोली जायेगी।

(य) इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवें कि

निविदा प्रपत्रों से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गई है।

(र) कोई भी टेंडरर टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी।

(ल) टेण्डर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन दर्ज करें।

19. **अनबेलेन्स बिड की अतिरिक्त परफोमेन्स राशि मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांकः CE/PWD/D&T Cir/D-123 Dated: 27.09.2017 के अनुसार लागू होगी।**

20. किसी भी ठेकेदार को उनकी ओर से कार्य सम्पादन हेतु सबलेटिंग या पॉवर ऑफ अर्टानी थर्ड पार्टी/अन्य ठेकेदार को देने की अनुमति नहीं होगी।

(हरि शंकर तोमर)
विश्वविद्यालय अभियन्ता
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक यू.ई./लेखा/2019-20/ 2272-2278 **दिनांक :** 24/7/19

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

1. निजि सचिव, कुलपति, रा.वि.वि., जयपुर।
2. निजि सचिव, कुलसचिव, रा.वि.वि., जयपुर।
3. वित्त नियंत्रक एवम् वित्तीय सलाहकार, रा.वि.वि., जयपुर।
4. निदेशक सेन्टर फॉर कम्प्यूटर साईन्स एण्ड इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी, रा.वि.वि., जयपुर को अपलोड करने हेतु।
5. निदेशक इंफोनेन्ट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर को उपरोक्त विज्ञापन मय ई–टेण्डर डोकोमेन्ट राजस्थान विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल, सामान्य प्रशासन विभाग, रा.वि.वि., जयपुर।
7. नोटिस–बोर्ड, विश्वविद्यालय अभियन्ता, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

O/C

(हरि शंकर तोमर)
विश्वविद्यालय अभियन्ता
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

23/7/19